Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:40 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 193 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 22 जनवरी 2026

आयुष्मान खुराना और सारा की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जिला अस्पताल में जल्द लगेगी अपडेट वर्जन की अल्ट्रासाउंड मशीन

नैनीताल । नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में जल्द ही अपडेट वर्जन की अल्ट्रासाउंड व एकसरे मशीन लगाई जाएगी। अब कलर अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाओं को भी हल्द्वानी नहीं भागना पड़ेगा। बता दें कि नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व एसरे की पुरानी मशीन हैं। जिसके चलते कई बार कलर अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाओं को हल्द्वानी जाना पड़ता है। लेकिन अब जल्द ही यह सुविधा लोगों को बीडी पांडे अस्पताल में मिलेगी। एक संस्था की ओर से जल्द ही बीडी पांडे अस्पताल में नई तकनीक की अल्ट्रासाउंड व एकसरे मशीन लगाई जाएगी। पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि फ रवरी माह तक नई मशीनें स्थापित कर दी जाएंगी। जिसके बाद मरीजों को इसका लाभ मिल पायेगा।

### बनभूलपुरा क्षेत्र के पांच लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

हल्द्वानी। थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में पंजीकृत आपराधिक मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिलाअधिकारी द्वारा पाँच व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई जनसुरक्षा एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साजिद नबी पुत्र रहमत नबी, निवासी आज़ाद नगर, थाना बनभूलपुरा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं मो. उस्मान पुत्र इश्तियाक अहमद, निवासी लाइन नंबर-18, थाना बनभूलपुरा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत तीन मुकदमे पंजीकृत पाए गए हैं। इसी क्रम में मो. गुफरान, निवासी लाइन नंबर-6, आज़ाद नगर, थाना बनभूलपुरा के विरुद्ध भी भारतीय दंड संहिता तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत तीन मुकदमे दर्ज हैं। शाकिर हुसैन पुत्र साबिर हुसैन, निवासी लाइन नंबर-10, आज़ाद नगर, थाना बनभूलपुरा के खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत तीन आपराधिक मामलों की पुष्टि हुई है।

# दिल्ली-यूपी में आज से करवट लेगा मौसम, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पहले कड़ाके की ठंड और फिर दिन के तापमान में बढ़ोतरी के बाद अब मौसम विभाग का कहना है कि आज से कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। इस दौरान कुछ जगहों पर तेज बारिश होने की संभावना है और कुछ राज्यों में तेज हवाएं चलेंगी और बिजली गरज सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, जम्मू कश्मीर लद्दाख में 22 और 23 जनवरी को बारिश हो सकती है। वहीं हिमाचल





प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में कल बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में आज और कल 50-60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

उत्तर पश्चिमी भारत में दिन के तापमान में बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि अगले दो दिनों तक इसमें बारिश और खराब मौसम के चलते गिरावट आ सकती है और दो दिनों को बाद फिर से बढ़ोतरी जारी रहेगी। महाराष्ट्र में भी तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 23 जनवरी तक कोहरा और धुंध का माहौल रहेगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कुछ जगहों पर कोहरा छाया रहेगा।

मौसम विभाग ने 23 जनवरी को उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी होने की चेतावनी जारी की है। इसके मद्देनजर शासन ने सभी कार्यदायी एजेंसियों को एलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

राजस्थान में गुरुवार को 6 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बारिश का यह सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक के बाद एक नए सिस्टम सक्रिय हो रहे हैं। इसी कड़ी में अगले सप्ताह एक और सिस्टम प्रभावी होगा, जिससे 26 से 28 जनवरी के बीच मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा।

छत्तीसगढ़ प्लांट हादसा, मौके पर अफरा-तफरी

# क्लिनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट में छह मजदूरों की मौत, पांच घायल

**छत्तीसगढ़**
एजेंसी

छत्तीसगढ़ के भाटापारा में इस्पात संयंत्र में क्लिनिकल फर्नेस ब्लास्ट में छह मजदूरों की मौत और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया। हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले के बलौदाबाजार में इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। क्लिनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट होने में छह मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। फिर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई। यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाने क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की है। पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में लगी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



### जबलपुर-बरेला कार हादसाः तीन और महिलाओं ने तोड़ा दम

जबलपुर-बरेला मार्ग पर रविवार दोपहर महिला श्रमिकों के साथ हुए दर्दनाक हादसे में सोमवार दोपहर तक तीन और महिलाओं ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रील की रंगाई कर रहीं महिला श्रमिक तेज रफ्तार कार का शिकार हुई थीं। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे में अब तक कुल पांच महिला श्रमिकों की मौत हो चुकी है। वहीं दो घायल महिलओं की हालत गंभीर बनी हुई है। बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर-मंडला रोड स्थित सिग्मा सिटी के सामने स?क किनारे लगी लोहे की ग्रील में मजदूर वर्ग पेंट करने का कार्य कर रहे थे। महिला मजदूरों का समूह गत दोपहर लगभग डेढ़ बजे संयुक्त रूप से सड़क किनारे बैठकर भोजन कर रहा था।

हादसे की सूचना पर बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी समेत पुलिस बल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच घायल हुए हैं।

# अमगढ़ी में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी/कोटाबाग**
हमारे संवाददाता

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड कोटाबाग की न्याय पंचायत अमगढ़ी के अन्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज अमगढ़ी में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता विधायक सरिता आर्य द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ग्राम्य विकास/पंचायती, पेयजल/जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, लघु सिचांई, उडेरा, खाद्य आपूर्ति, उद्यान विभाग द्वारा कृपकों को लाभ पहुँचाया गया।

शिविर के दौरान जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। शिविर में समस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी जनता को दी गई। शिविर में 75 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में लगभग 331 नागरिकों द्वारा सीधा लाभ उठाया गया। कार्यक्रम में दर्जा धारी मंत्री दिनेश आर्या, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक, जिला पंचायत सदस्य , ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य ,जनप्रतिनिधि एवं समस्त जनता उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन को सीधे जनता से जो?ते हुए जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा सराहा गया।



# चर्चित हाकम सिंह को उत्तराखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कथित नकल माफिया गिरोह के सरगना के नाम से चर्चित हाकम सिंह को बुधवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जमानत दे दी जबकि उसके सहयोगी पंकज गौड़ की जमानत बीते 14 जनवरी (बुधवार) को न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में मंजूर हुई थी ।

हाईकोर्ट के अवकाशकालीन जज न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ के समक्ष बुधवार को हाकम सिंह की जमानत अर्जी सुनवाई को पेश हुई । याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत ने कोर्ट को बताया कि हाकम सिंह खिलाफ नकल कराने के साक्ष्य नहीं हैं, उसे पूर्व के रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इसके अलावा इस मामले के एक अन्य आरोपी की जमानत दे दी गई है । इन तर्कों के आधार पर हाईकोर्ट ने हाकम सिंह की जमानत मंजूर कर ली ।

यहां बता दें कि पटवारी भर्ती परीक्षा से एक दिन पूर्व 20 सितंबर 2025 (शनिवार) को देहरादून पुलिस और एसटीएफ उत्तराखंड ने संयुक्त कार्रवाई कर हाकम सिंह और उसके सहयोगी पंकज गौड़ को गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि ये दोनों अभयर्थियों को परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर 12 से 15 लाख रुपये तक की मांग कर रहे थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को 2 वर्ष पूर्ण होने पर पवित्र माघ माह में आयोजित खिचड़ी कार्यक्रम में सभी ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजक चंद्रप्रकाश तिवारी ने कहा कि आज अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को 2 वर्ष पूर्ण हुये है और पवित्र माघ माह चल रहा है और सभी सनातनी भाइयों ने खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम में मेयर गजराज बिष्ट, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व मेयर डॉ जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल डब्बू, कांग्रेस नेता ललित जोशी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राशि जैन,एडवोकेट दीप्ति चुफाल, आदि सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दीपक सनवाल, प्रज्ञान भारद्वाज, वीरेंद बिष्ट,शुभांशु पांडेय द्वारा व्यवस्था संभाली गयीं।



### हथियारबंद बदमाशों का तांडव, बाइक छोड़ भागे

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्रांतर्गत जगतपुरा में कुछ हथियार बंद दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। इस दौरान लोगों के विरोध करने पर दबंगों ने हथियारों से उन पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। भीड़ एकत्रित होने पर दबंग जब बाईक पर सवार होकर वहां से भागने लगे तो बाईक असंतुलित होकर गिर गई। जिसे वहीं छोड़कर वह भाग गये। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर बाईक और एक पाटल कब्जे में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार के मध्य रात्रि की बताई जा रही है। जगतपुरा निवासी एक व्यक्ति का मध्य रात्रि वह रिश्तेदार अपने कुछ साथियों के साथ हथियार लेकर घर आ धमका और गाली गलौचकर ललकारने लगा।

# अनुसूचित जाति के परिवारों के साथ हुई घटना को लेकर रोष

धारी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के थाना मुखानी (हल्द्वानी क्षेत्र) के मानस विहार कॉलोनी पनियाली में अनुसूचित जाति के परिवारों के साथ हुई अत्यंत गंभीर तथा संगठित एवं जानलेवा घटना को लेकर बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चन्द्र बौद्ध, राजेन्द्र प्रसाद तथा कनिष्ठ उप प्रमुख ओखलकांडा भीम आर्मी सहित अन्य नागरिकों ने प्रशासन से न्याय की माँग की।

प्रतिनिधिमंडल ने इस प्रकरण के संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल से मुलाकात कर उन्हें पूरे घटनाक्रम से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी महोदय से भी भेंट कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया गया तथा सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी से भी मुलाकात कर पीड़ित परिवारों को न्याय एवं सुरक्षा दिलाने की माँग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दिन 21 जनवरी 2026 को लगभग 3000 लोगों की भीड़ जो स्वयं को एक सैनिक संगठन से जुड़ा हुआ बता रही थी द्वारा जेसीबी/बुलडोजर मशीन के माध्यम से सार्वजनिक सड? को तोड़ने का प्रयास किया गया जबकि पीड़ित परिवारों की वैध भूमि रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से 15 फ ीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क दर्ज है। सड़क तोड़े जाने का विरोध करने पर धक्का-मुक्की, गाली-गलौच तथा जान से मारने की धमकियाँ दी गई तथा महिलाओं के साथ अभद्रता की गई। बताया गया कि यह पूरा कृत्य दया किशन पाठक नामक व्यक्ति के नेतृत्व में किया गया जिन्होंने लगभग 300 पूर्व सैनिकों को एकत्र कर स्वयं को संगठन का पदाधिकारी बताकर अनुसूचित जाति के परिवारों पर नाजायज दबाव बनाने का प्रयास किया घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित परिवारों द्वारा डायल 112 थाना मुखानी तथा पुलिस अधीक्षकए नैनीताल को तत्काल सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुँची, किंतु उसके पश्चात भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। इसके बाद जब पीड़ित परिवार थाना मुखानी पहुँचे तो उनकी एफ आई आर दर्ज करने से मना कर दिया गयाए जिससे पीड़ितों में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक नैनीताल को विस्तृत लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा गया है जिसमें दोषियों के विरुद्ध आई पी सी एवं एस सी ध्एस टी;अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाईए एफ आई आर दर्ज कराने तथा पीड़ित अनुसूचित जाति के परिवारों की जान.माल की सुरक्षा की माँग की गई है। पीड़ित पक्ष में शामिल भूमि मालिक अनुसूचित जाति के पाँच परिवार हैं जिनमेंपूजा देवी पत्नी महेश चन्द्र, भूपेन्द्र आर्य पुत्र शिव राम, आशा देवी पत्नी राजीव कुमार, हरीश चन्द्र पुत्र गोपाल कृष्ण सभी निवासी मानस विहार कॉलोनी पनियाली हल्द्वानी जनपद नैनीताल शामिल हैं।सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएए अन्यथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में इसकी संपूर्ण जिममेदारी प्रशासन की होगी।

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने कई लोगों को जोड़ा पौधारोपण अभियान से



**नैनीताल ।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 555वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 555वें दिन हल्द्वानी के छडेल में सेवानिवृत प्रधानाचार्य बलवंत परदेसी ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए पत्नी दीपा देवी के साथ एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने आवास परिसर में पौधारोपण किया।बलवंत परदेसी ने कहा कि दिनेश गुरु रानी द्वारा चलाए गए इस पौधा रोपण अभियान से जुडने का सौभाग्य मिला। प्रकृति संरक्षण के लिए यह महत्वपूर्ण कार्य है।कार्यक्रम में गणेश सिंह खत्री,जिला ट्रेड यूनियन के महासचिव नीरज जोशी, धीरज बुरफ ाल तथा नरेंद्र सिंह शामिल रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

## NEWS / फटाफट

### कुमंविनि के प्रधान कार्यालय में हुआ विशेष खिचड़ी भोग का आयोजन



**नैनीताल ।** कुमाऊं मंडल विकास निगम नैनीताल के मुखयालय में बुधवार को संयुक्त कर्मचारी महासंघ द्वारा माघ मास पर विशेष खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया जिसमें निगम के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा खिचड़ी प्रसाद के रुप में ग्रहण की। बता दें इस धार्मिक आयोजन में कुमंविनि संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मंजुल प्रकाश सनवाल, महामंत्री रमेश चंद्र पंत, संयोजक संतोष पंत सहित हिममत सिंह बिष्ट, प्रभा, रवि मेहरा, प्रेम सिंह बिष्ट ,रवि साह, पंकज रौतेला, तारा भट्ट. मो0. आशिक, पीयुष पाठक, विक्रम साह, प्रकाश, अभिनव, बीना कर्नाटक, गंगोत्री, अंजु गुप्ता, मोनू, भैय्यू साह तथा भावना ने सहयोग दिया।

### बहुउद्देशीय शिविर में राशन कार्ड से जुड़े 40 मामलों का हुआ निस्तारण



**नैनीताल ।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बुधवार को भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से राशन कार्ड में नाम जोड़े जाने तथा नाम हटाए जाने और नए राशन कार्ड बनाने के संबंध में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 40 आवेदन पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जबकि 3 आवेदन पत्र पर कार्यवाही गतिमान है। बिष्ट के मुताबिक शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता से अपील की कि सभी राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों की अनिवार्य रूप से संबंधित उचित दर विक्रेता की दुकान में राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जाकर 30 जनवरी (शुक्रवार) तक अनिवार्य रूप से ई -केवाईसी करवा लें।

### युवा व्यवसायी कुंदन बिष्ट बने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष



**नैनीताल ।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नैनीताल बिपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे द्वारा नैनीताल के युवा व्यवसायी कुंदन सिंह बिष्ट को प्रतिनिधि मंडल जिला ईकाई नैनीताल के 2026 से 2028 तक के लिए जिला उपाध्यक्ष नैनीताल नियुक्ति किया है। उनके मनोनय पर प्रदेश संगठन मंत्री रवैल सिंह आनंद, जिला संरक्षक जीत सिंह आनंद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश ढौंढियाल समेत किशन सिंह नेगी, मारुति नंदन साह सहित तमाम व्यापारियों ने बधाई दी है। मनोयन पर जिला उपाध्यक्ष कुंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि संगठन के हितों और मजबूत बनाने में संगठन के साथ मिलकर कार्य को गति प्रदान करेंगे।

### बसंत पंचमी की तैयारी में जुटी श्री राम सेवक सभा

**नैनीताल ।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से शुक्रवार को वसंत पंचमी के मौके पर उपनयन संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई हैं जिसके चलते सभा भवन को रंग रोगन, रंगीन झंडियों व झंडे आदि लगाकर भव्य रुप से सजा दिया गया है। सभा परिवार के मुताबिक इस वर्ष तीन दर्जन बटुकों द्वारा उपनयन संस्कार हेतु पंजीकरण कराया गया है इनका उपनयन संस्कार बसंत पंचमी की विधि विधान के साथ संपन्न किया जाएगा। तैयारी में रामसेवक सभा की अध्यक्ष मनोज शाह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी, प्रबंधक विमल चौधरी, ललित साह, कैलाश बोरा आशु, गिरीश, एडवोकेट मनोज शाह, मोहित लाल साह तथा हीरा रावत रहे।



## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ मां पाषाण देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को संपन्न हो गया। समापन मौके पर हवन पूजन समेत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तजनों ने भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पूर्व पंडित के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में आचार्यों भगवती प्रसाद जोशी व घनश्याम जोशी के संयोजकत्व में प्रात: पूजन के बाद अखंड रामायण की समाप्ति और 2 बजे से मां के समष्टि भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें भारी संखया में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। यजमान के रूप में बृजेश श्रीवास्तव, राजू नारंग, गिरीश शाह, ए.डी. त्रिपाठी, अंबादत्त तिवारी तथा संजय वर्मा सपत्नी मौजूद रहे जबकि भजन मंडली में प्रशांत जोशी, कमल पाठक, हिमांशु जोशी, हर्षित जोशी, वसंत पांडे तथा मोहित मौजूद रहे। इस दौरान प्रमोद सुयाल, अमित डालाकोटी, नवीन तिवारी, राजेश मिश्रा, दीपक मनराल, गौरव जोशी, मोहित, आरुष, जिगर, राजेश, धीरज, गीता जोशी, हेमा पंत, कविता, विनीता, देवांश, मंजू रौतेला, रजनी चौधरी तथा भगवती आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने तीन दिनी वार्षिकोत्सव समारोह को कामयाब बनाने में भक्तजनों की ओर से दिए गए सहयोग के लिए उनका विशेष आभार जताया है।

## पीपीजे सरस्वती विहार स्कूल के दो छात्रों का सीएलएटी परीक्षा में चयन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार नैनीताल विद्यालय के 12वीं अध्ययनरत दो होनहार छात्रों (वंश बिरला तथा राज मल्होत्रा ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) परीक्षा में शानदार सफ लता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक इस परीक्षा में राज मल्होत्रा ने ऑल इंडिया रैंक 4905 तथा वंश बिरला ने ऑल इंडिया रैंक 5624 प्राप्त की । प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने दोनों मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। वंश बिरला और राज मल्होत्रा ने यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

बोले मैं दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने भी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है,सीएलएटी



जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में छात्रों की सफलता हमारे शैक्षिक प्रयासों की पुष्टि करती है। वरिष्ठ आचार्य डॉ.दिनेश सिंह नयाल ने कहा कि कानून जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रवेश के लिए सीएलएटी की सफलता अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दोनों छात्रों की बौद्धिक क्षमता और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। आने वाले समय में ये छात्र देश का नाम रोशन करेंगे।

वंश बिरला कासगंज (यूपी) के निवासी हैं। उनकी इस सफलता पर उनके पिता हिमांशु बिरला एवं माता श्रीमती गौरी बिरला ने उन्हें अनंत शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया,वहीं दूसरी ओर राज मल्होत्रा लखनऊ के निवासी हैं। उनके पिता मनीष आनंद एवं माता श्रीमती शताक्षी मेहरोत्रा ने इस कामयाबी हेतु विद्यालय प्रशासन एवं गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## हल्द्वानी में दुकान पर हमला, युवक से मारपीट व जान से मारने की धमकी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

टनकपुर रोड क्षेत्र में सुबह एक युवक के साथ सामूहिक मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीडति युवक ने कोतवाली हल्द्वानी में नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टनकपुर रोड स्थित वार्ड संख्या 14 में बुधवार सुबह करीब 10:15 बजे आसिफ अली अपने भाई शकील अहमद (हाफिज जी) की पीओपी की दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान बंटी, गुड्डे, बांबी, शानू (सभी पुत्र असगर अली), सबाब पुत्र उसमान, खालिद, जेशान शहजाद, मोनिश पुत्र छोटू तथा फहीम पुत्र बब्लू अपने अन्य साथियों के साथ दुकान में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान के भीतर गाली-गलौज करते हुए आसिफ अली के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीडति के अनुसार, हमलावरों ने उसे जबरन दुकान से बाहर खींच लिया और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इस दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने पीडति के भाई शकील अहमद को भी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद भी आरोपी रास्ते में लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे उसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है। घटना में आसिफ अली के कान और कमर में चोटें आई हैं। पीडति की मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई है। पीडति ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ज्योलीकोट में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय शिविर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट रामलीला मैदान में बुधवार को बहुउद्देशीय शिविर मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

नवागत सीडीओ श्री पांडे ने विभागों के उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि कार्यक्रम को औपचारिकता न समझे। न्याय पंचायत की दस से ज्यादा ग्राम पंचायत से आए बड़ी संखया में लोगों और उनकी शिकायतों पर श्री पांडे को कहना पड़ा कि शिकायतों की बढ़ती संखया से लगता है कि लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शिविर में उपस्थित बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट समेत दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, शांति मेहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पड़लिया ने भी जनसमस्याओं का निस्तारण तेजी से करने की जरूरत बताई। शिविर में पेयजल, सिंचाई,



विद्युत, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अंतंगत निर्माणाधीन मोटर मार्गों के सुधारीकरण, चोपड़ा,रिया और अन्य ग्रामों में लो वोल्टेज,पेयजल तथा हर घर नल हर घर जल योजना में कार्य ना होने की दर्जनों शिकायतें दर्ज हुई तो कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बाल विकास विभाग द्वारा मुखयमंत्री लक्ष्मी किट वितरण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच,होमयोपैथिक,एलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक दवाओं का निःशुल्क वितरण,कृषि, पशु पालन तथा उद्यान, वन विभाग व ग्रामीण बैंक तथा स्टेट बैंक द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान डीडीओ समेत सभी ग्रामसभाओं के ग्राम प्रधान नवल कुमार, देवेंद्र बिष्ट, हरगोविंद रावत, डॉ बबीता मनराल,मीनाक्षी टमटा, बीना जीना,बीडीसी और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अभिमत



## अस्तित्व का संकट

*छात्र संघ से जुड़े कुछ छात्रों द्वारा आपत्तिजनक, उकसाने वाले व भड़काऊ नारे लगाए गए। ऐसे नारे लगाया जाना लोकतांत्रिक असहमति के मूल्यों के पूरी तरह विपरीत और विश्वविद्यालय की आचार संहिता का उल्लंघन है, इससे शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को खतरा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा केन्द्र में सत्ता संभालने के बाद जेएनयू का वामपंथी छात्र संगठन तिलमिला गया।*

वामपंथियों का राजनीतिक पतन हो चुका है। विश्व के कई देशों में वामपंथी सत्ता से बेदखल हो चुके हैं। भारत में जोड़-तोड़ की सियासत में माहिर थे। वामपंथी दो-तीन राज्यों में पहचान बनाये हुए थे। अब अस्तित्व के संकट से गुजर रहे हैं। मीडिया में स्थान पाने के लिए सीधे प्रधानमंत्री पर निशाना साध रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाये गये हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वामपंथियों द्वारा परिसर में विरोध प्रदर्शन का वीडियो संज्ञान में आया है। छात्र संघ से जुड़े कुछ छात्रों द्वारा आपत्तिजनक, उकसाने वाले व भड़काऊ नारे लगाए गए। ऐसे नारे लगाया जाना लोकतांत्रिक असहमति के मूल्यों के पूरी तरह विपरीत और विश्वविद्यालय की आचार संहिता का उल्लंघन है, इससे शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को खतरा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा केन्द्र में सत्ता संभालने के बाद जेएनयू का वामपंथी छात्र संगठन तिलमिला गया। छात्र नेता कन्हैया कुमार के नेतृत्व में वामपंथियों का गुट सक्रिय हुआ। भारत तेरे टुकड़े-टुकड़े जैसे देशद्रोही नारे लगाये गये। वामपंथियों का चेहरा कन्हैया कुमार बनता नजर आया। चुनाव में कन्हैया कुमार दगा हुआ कारतूस साबित हुए। छात्र राजनीति में वामपंथी संगठन जनाधार खो चुका है। जेएनयू में जड़ जमाने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हैं। वामपंथी दलों की दाल ममता बनर्जी के सामने गल नहीं रही है। करीब तीन दशक तक सत्ता में कायम वामपंथियों को ममता बनर्जी ने उखाड़ फेंका था। ममता बनर्जी अपना सीधा मुकाबला भाजपा से मान रही हैं। भाजपा ने भी ममता बनर्जी को पराजित करने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चुनाव में नतीजा ममता बनर्जी और भाजपा में से किसी एक के पक्ष में आयेगा। वामपंथियों की कोशिश है कि किसी को बहुमत हासिल नहीं हो और वह कुछ सीटें जीतकर ब्लैकमेल और सौदेबाजी करके सत्ता की मलाई चाटें। मतदाता जागरूक है। अब त्रिशंकू की स्थिति लाकर अस्थिरता का नुकसान झेलना नहीं चाहता है। पिछले ज्यादातर चुनाव में किसी न किसी को बहुमत से मतदाता ने सत्ता सौंपी है। वामपंथियों के झांसे में मतदाता नहीं आने वाला है।

# हल्द्वानी के आदित्य रावत और लक्ष्य राय चंदानी उत्तराखंड की रणजी टीम में

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रिकेट के लिए गर्व का विषय बनते हुए भारतीय अंडर-19 लक्ष्य रायचंदानी और भारतीय अंडर-19 टीम के मीडियम पेस गेंदबाज़ आदित्य रावत का चयन उत्तराखंड रणजी ट्रॉफी टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से राज्य क्रिकेट को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। इन दोनों ने इंडिया ए , अफगानिस्तान भारत बी त्रिकोणीय श्रृंखला खेले 2025-26 चैलेंजर ट्रॉफी 2025-26 हिस्सा रहे है। भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम के राइट-आर्म मीडियम पेसर आदित्य रावत ने अपने शानदार गेंदबाज़ी प्रदर्शन से चयनकर्ताओं और क्रिकेट विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया है। युवा स्तर पर निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए आदित्य ने खुद को एक भरोसेमंद तेज़ गेंदबाज़ के रूप में स्थापित किया है।

लक्ष्य रायचंदानी और आदित्य रावत के उज्जवल भविष्य के लिए दीपक मेहरा( अध्यक्ष सी ए यू) किरण वर्मा सचिव सीएयू ,सुमित हृदयेश अध्यक्ष जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन कोषाध्यक्ष कमल पपनै , हर्ष गोयल सचिव क्रिकेट एसोसिएशन ऑल अल्मोड़ा, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया,संजय चौधरी, लीला कांडपाल, अमित कांडपाल, विजय कुकसाल, त्रिलोक जीना, सुनील साह, राजेंद्र नेगी, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगडवाल, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, मनोज भट्ट, विजय आर्या, आदि ने शुभकामनायें दी,जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि उत्तराखंड की टीम आज से 22 जनवरी को एम बी बी स्टेडियम अगरताला में त्रिपुरा से जबकि 29 जनवरी से अंतिम मैच असम के खिलाफ अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी देहरादून में खेला जायेगा।




## पीएसी तैनात एएसआई की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में मृत्यु घोषित

रुद्रपुर। बगवाड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में रह रहे पीएसी के एएसआई की अचानक तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोग उपचार को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर चौकी से सब इंस्पेक्टर मोहन चंद जोशी पहुंचे। उन्होंने परिवार के लोगों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को कोतवाली रुद्रपुर की चौकी बगवाड़ा निवासी कौशल्या इनकलेब पुष्कर सिंह चौधरी पुत्र रुद्र सिंह चौधरी की अचानक तबियत बिगड़ गई। परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई ने परिजनों से जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक मृतक 31वीं पीएसी में एडिशनल प्लाटून कमांडेंट पद पर कार्यरत थे। वह मूल रूप से ग्राम बिसराड़ी, पोस्ट बाराकोट, थाना लोहाघाट जिला चंपावत के थे। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना सिडकुल पुलिस से मिली थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है।

## वन विभाग नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए के प्रति कर रहा लोगों को जागरूक

**नैनीताल ।** नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में लगातार तेंदुओं की बढ़ती दस्तक को देखते हुए वन विभाग चौकन्ना हुआ है। इन दिनों विभाग क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को तेंदुए के रहन सहन व मानव वन्य जीव संघर्ष से बचने की जानकारी दे रहा है।

बता दें कि बीते लंबे समय से नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में लगातार तेंदुओं की दस्तक बढ़ रही है। वहीं कई स्थानों पर तेंदुओं ने लोगों को मौत के घाट भी उतार दिया है। जिसको देखते हुए वन विभाग चौकन्ना हो गया है।

नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के साथ बैठक कर उनको तेंदुओं के रहन सहन की जानकारी दी जा रही है। साथ ही वन्यजीव संघर्ष से बचने के उपाय भी बताए जा हैं। लोगों से शाम के समय अकेले घर से बाहर न जाने की अपील की जा रही है। साथ ही घर के समीप साफ सफाई रखने की भी अपील की जा रही है।

# हाईकोर्ट ने दिए सीईओ (बेसिक) चंपावत को याचिकाकर्ता की काउंसलिंग कराने के निर्देश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) चंपावत के द्वारा सहायक अध्यापक पद के लिए हो रही काउंसलिंग नहीं कराने के मामले पर सुनवाई की।


मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) चंपावत से कहा है कि वह याचिकाकर्ता की काउंसलिंग कराएं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी कहा है कि वह अपनी काउंसलिंग कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) चंपावत के वहां 24 जनवरी 2026 (शनिवार) को सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपनी काउंसलिंग कराएं। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी भावना उप्रेती ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि वर्तमान में राज्य के हर जिले में सहायक अध्यापक प्राईमरी अध्यापकों की काउंसलिंग चल रही है, उनकी भी




12 जनवरी 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) चंपावत के वहां कार्उसिलिंग हुई। बेसिक शिक्षा अधिकारी चंपावत ने एक कार्यालय आदेश जारी कर सभी कार्उसिलिंग में प्रतिभाग करने वालो से कहा कि वे कार्उसलिंग कराने के लिए 11 बजे कार्उसिलिंग स्थल में उपस्थित रहे, साथ में यह भी कहा कि कार्उसिलिंग मेरिट के आधार पर होगी। याचिकाकर्ता कार्उसिलिंग स्थल में 12 बजे पहुंची, जिसकी बजह से उनकी काउंसलिंग नहीं हुई। उनसे कहा गया कि वे देर से पहुंची जबकि 74 प्रतिशत अंक पाने वालों तक की काउंसलिंग की गई वहीं उनके 74.4 प्रतिशत अंक थे। कहा कि अगर उनकी कार्उसिलिंग हो जाती तो उनका चयन सहायक अध्यापक प्राईमरी के लिए हो सकता था। उन्होंने याचिका में यह भी कहा है कि कार्उसलिंग में देर से पहुंचने का मुखय कारण यह भी था कि उनके साथ उनका ढाई साल का बेटा भी था। जिसकी वजह से वह निर्धारित तय समय 11 बजे कार्उसिलिंग स्थल पर नहीं पहुँच सकी। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि उनकी कार्उसिलिंग कराई जाय।

## फिल्मी दुनिया

# आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म पर सामने आई बड़ी अपडेट





*आयुष्मान खुराना और सारा अली खान इन दिनों अपनी एक आगामी एक्शन-कॉमेडी फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा के सिखिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। हाल ही में ऐसी खबरें आई कि इस फिल्म की शूटिंग 2024 में शुरू होनी थी, लेकिन फिल्म निर्माण संबंधी दिक्कतों में फंस गई और शूटिंग जल्द ही रुक गई। लेकिन अब फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने फिल्म को लेकर ताजा अपडेट दी है। साथ ही सूत्र ने ये भी बताया कि फिल्म बंद होने की खबरों में कितनी सच्चाई है। बीते दिनों आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म के बंद होने की खबरों पर अब फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने नई अपडेट साझा की है। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया कि ये खबरें सही नहीं हैं। ये सिर्फ अफवाहें हैं। सूत्र ने आगे बताया कि हमारी 10 दिन की शूटिंग बाकी है और हम इस फिल्म को इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज करेंगे। इस फिल्म के अलावा आयुष्मान खुराना और सारा अली खान आगामी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। मेकर्स ने पिछले साल ही ये घोषणा की थी कि यह फिल्म होली 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है। भूषण कुमार और रेणु रवि चोपड़ा द्वारा निर्मित 'पति पत्नी और वो दो' होली के मौके पर 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'पति पत्नी और वो दो' 2019 में आई कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे की हिट कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो' का सीक्वल बताई जा रही है।*

### थामा' में नजर आए थे आयुष्मान

*वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'थामा' में नजर आए थे। जबकि सारा अली खान अनुराग बसु की मल्टीस्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में दिखाई दी थीं।*

# शीशमहल रामलीला मैदान में माघ महीने में खिचड़ी भोग कार्यक्रम

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

युवा समाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल द्वारा रामलीला मैदान में मंगलवार को माघ महीने के दान पुण्य महीने में खिचड़ी भोग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे क्षेत्र के विधायक पूर्व मेयर सहित शहर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया,लोगो द्वारा रामलीला मैदान के समीप नवनिर्माण हो रहे शिव मंदिर के निर्माण को भी सराहा गया,दिन में बड़ी संख्या से क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने इस खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भाग लिया, इस कार्यक्रम में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश पूर्व मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुवानन्द जोशी,मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, महामंत्री एन डी तिवारी,उपाध्यक्ष दिनेश फुलारा, सचिव विक्रम डंगवाल, सुरेश तिवारी, कमल पपनै, मोहन अधिकारी, मनोज तिवारी,मुकुल बलूटिया, केशव दत्त तिवारी, देवेश तिवारी, उमेश तिवारी,पुष्पा संभल, नितिन बलूटिया, विनीत बलूटिया, जगदीश गौड़, मुकेश तिवारी,दामोदर बलूटिया, दयानंद तिवारी,जगदीश बलूटिया, कैलाश तिवारी, कैलाश बलूटिया, रमेश कांडपाल,चंद्रशेखर शर्मा, गिरीश पाण्डे, रमेश पलड़िया, खीमा तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा।



News कॉर्नर

## नैनीताल बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दिसंबर तिमाही के बाद 65.78 करोड़ रुपएं पहुंचा:सिंह

नैनीताल । नैनीताल बैंक के सीनियर मैनेजर राजेंद्र सिंह के मुताबिक नैनीताल बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दिसंबर तिमाही के बाद 65.78 करोड़ रुपएं पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि बैंक ने वार्षिक आधार पर कुल जमा 1.76 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की है बैंक का नेट एनपीए 0.55 फीसदी रहा है बैंक का सीआरएआर 19.31 फीसदी है। वार्षिक आधार पर बैंक ने कुल व्यवसाय में 2.48 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की है जबकि सकल अग्रिमों में बैंक ने वार्षिक आधार पर 3.64 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। इसके अलावा बैंक की ओर से सबसे कम व न्यूनतम बयाज दरों पर हाउसिंग लोन व कार लोन बिना किसी दस्तावेज शुल्क के दिया जा रहा है।

## पति की मौत पर पत्नी ने उठायी जांच की मांग

नैनीताल । नैनीताल के हिमालय दर्शन क्षेत्र में पहाड़ी से गिरकर जान गवाने वाले युवक की पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्नी ने मामले की जांच की मांग की है।

बता दें कि सोमवार रात हिमालय दर्शन क्षेत्र में दोस्तों के साथ पार्टी करने गए ब्रेसाइड सात नंबर निवासी भुवन राम आर्य पहाड़ी से गिर गया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव किसी तरह खाई से बाहर निकाला।

बुधवार को मृतक की पत्नी की ओर से कोतवाली में शिकायती पत्र सौंपा गया है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि महिला की ओर से शिकायत देकर मामले की जांच की मांग की गई है। हालांकि मामले को लेकर किसी व्यक्ति पर स्पष्ट आरोप नहीं लगाए हैं, लेकिन शिकायत के आधार पर मृतक के साथियों से पूछताछ कर जांच की जा रही है।

# फर्जी खाते से सट्टेबाजी का शक, पुलिस की चुप्पी सवालों के घेरे में

### पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, बैंक और प्रभावशाली सटोरिए पर गंभीर आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में फर्जी बैंक खातों के जरिए अवैध लेन-देन और सट्टेबाजी के बढ़ते मामलों के बीच एक चौंकाने वाला प्रकरण सामने आया है, जिसमें कैनरा बैंक की शाखा और एक प्रभावशाली व्यक्ति की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं पुलिस की निष्क्रियता भी अब कठघरे में है।

गौजाजाली उत्तर निवासी अनुभव पंत ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी के समक्ष प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया है कि उनके नाम और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर कैनरा बैंक, मंगल पड़ाव शाखा में फर्जी खाता खोला गया, जिसका उन्हें वर्षों तक कोई ज्ञान नहीं था। पीड़ित के अनुसार, 04 सितंबर 2025 को उनके खाते में टीडीएस की जानकारी मिलने पर एकाउंटेंट और सीए के माध्यम से जांच कराई गई, तब खुलासा हुआ कि उनके नाम से खाता संख्या 110137529670 संचालित है, जो 14 अगस्त 2023 से लेन-देन में प्रयोग हो रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस खाते में आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो तो अनुभव पंत के हैं, लेकिन हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी बताए गए हैं। प्रार्थी का आरोप है कि उनके पूर्व डिस्ट्रीब्यूटर संजय कोहली, जिनके पास पहले से उनके दस्तावेज उपलब्ध थे, ने बैंक कर्मियों से मिलीभगत कर कूटरचित तरीके से खाता खुलवाया। इस खाते में एक अलग मोबाइल नंबर दर्ज है, जिससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि खाता किसी अवैध गतिविधि, संभवत: सट्टेबाजी या संदिग्ध लेन-देन के लिए उपयोग किया गया। सबसे गंभीर पहलू यह है कि 06 सितंबर 2025 को थाना हल्द्वानी में शिकायत देने के बावजूद आज तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पीड़ित ने 17 सितंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पंजीकृत डाक से शिकायत भेजी, जो 19 सितंबर को प्राप्त भी हो गई, फिर भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का कहना है कि इस फर्जी खाते के कारण उनकी कार्यस्थल पर छवि धूमिल हुई है और उन पर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं, जबकि वास्तविकता में उन्होंने कभी कैनरा बैंक में खाता खोला ही नहीं। लगातार अनदेखी से वे मानसिक रूप से परेशान हैं।

अब सवाल यह उठता है कि बिना केवाईसी सत्यापन के बैंक खाता कैसे खुला?

पुलिस छोटे-मोटे सटोरियों पर त्वरित कार्रवाई करती है, लेकिन इस मामले में चुप क्यों है?

क्या प्रभावशाली लोगों और बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण मामला दबाया जा रहा है?

न्यायालय में धारा 175(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत दाखिल प्रार्थनापत्र में पीड़ित ने थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के आदेश देने की मांग की है। अब देखना यह है कि न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पुलिस और बैंक प्रशासन कब जागता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# टैक्सी चालकों और वाहन स्वामियों के शोषण के खिलाफ यूकेडी का प्रदर्शन

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल ने ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के नाम पर टैक्सी चालकों और वाहन स्वामियों का शोषण करने पर त्रिमूर्ति चौक पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए।

आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने एक भी सरकारी ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन स्थापित नहीं किया है। ऐसे में वाहन चालक प्राइवेट ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन में फिटनेस कराने के लिए मजबूर हैं। प्राइवेट ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन में वाहन चालकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है।

सरकार को यह निर्णय जमीनी हकीकत को समझकर लेना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि टैक्सी चालकों और वाहन स्वामियों का शोषण बंद नहीं किया गया तो आंदोलन उग्र होगा। धरना प्रदर्शन में द्वाराहाट टैक्सी यूनियन के व्यवसायिक वाहन चालकों ने भी अपना पूर्ण समर्थन दिया।

इस अवसर पर गोविंद सिंह अधिकारी, वीरेंद्र बजेठा, दान सिंह, गोपाल सिंह रौतेला, आनंद सिंह किरौला, जगत सिंह रौतेला, मोहन नाथ गोस्वामी, संतोष कुमार, भरत साह आदि मौजूद रहे।

# बबियाड कैलाश द्वार से सिमलिया साननी मोटर मार्ग मिलान कार्य की प्रथम चरण की मिली स्वीकृतिः विधायक कैड़ा

धारी

हमारे संवाददाता

भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के 10 गाँव के ग्रामीण वर्षो से बबीयाड कैलाश द्वार से सिमलिया-साननी मोटर मार्ग मिलान की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने विधायक राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग मिलान की मांग की। विधायक ने जनता की समस्या को देखते हुऐ मुख्यमंत्री से मोटर मार्ग मिलान करने की मांग की। विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा मे सम्मलित करने के बाद मोटर मार्ग मिलान की शासन से प्रथम चरण की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस मोटर मार्ग के बनने से बबियाड, सुयाल फेर, दुदली, अमदो, पुट गाँव, पोखरी, च्युरीगाड़, कुलोरी सहित एक दर्जन से अधिक गाँव के लोगो को हल्द्वानी आने के लिए 50 किमी का सफर कम हो जायेगा। विधायक कैड़ा ने पी डब्लू डी विभाग के अधिकारियो को शीघ्र द्वितीय चरण की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये है प्रथम चरण की स्वीकृति मिलने पर विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।



# किच्छा में बदमाशों ने असलहों के बल पर परिवार को बंधक बनाकर लूटा

किच्छा। ऊधम सिंह नगर के पुलभट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम बरा के रहने वाले नरेश प्रजापति के घर पर हथियार बद बदमाशों ने धावा बोला। असलहों की नोक पर बदमाशों ने एक घर से 87 हजार नगद, आलमारी में रखे जेवर और दो मोबाइल के साथ ही नरेश की पत्नी प्रेमवती देवी के गले से गहने उतरवाए और फरार हो गए।

घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश परिवार को कमरे के अंदर बंधक बनाकर चले गए। परिवार के सदस्यों ने कमरे की खिड़की पर लगे जाल को तोड़कर लगभग बीस मिनट बाद बाहर आए। इसके बाद पीड़ित नरेश प्रजापति ने घटना की जानकारी रात बजे रात को पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। बदमाशों नरेश के घर पड़ोस में बुद्धि सेन के किराएदार के घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर घर को खंगालकर वापस लौट गए। इसके साथ साथ ग्राम बरी में शिव कुमार पाल के घर से एक बाइक लेकर भागे। वहीं पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहें हैं। साथ ही फोरेंसिक विज्ञान की टीम भी मौके पर पहुंचकर सैंपल एकत्र कर रही है।

# मत्स्य पालन आर्थिक मजबूती व सतत पर्वतीय विकास का बन सकता है प्रमुख आधार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभाग के युवा शोधार्थी पंकज भट्ट ने कहा है कि मत्स्य पालन पिथौरागढ़ में आर्थिक मजबूती तथा महिला सशक्तिकरण और सतत पर्वतीय विकास का एक प्रमुख आधार बन सकता है।



बता दें शोधार्थी पंकज भट्ट वर्तमान में विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.अतुल जोशी के दिशा-निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। अपने शोध कार्य के तहत उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ जिला मत्स्य पालन के क्षेत्र इस समय परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण चरण में है। जिले के पास प्रचुर शीतजल संसाधन तथा समृद्ध जलीय जैव विविधता तथा अनुकूल पारिस्थितिक परिस्थितियाँ हैं जो सतत मत्स्य विकास हेतु एक सशक्त आधार प्रदान करती हैं। इसके बावजूद पारिस्थितिक संवेदनशीलता, अपर्याप्त आधारभूत संरचना तथा सीमित संस्थागत सहयोग और तकनीकी एवं ज्ञान संबंधी कमियाँ इसके विकास में बाधा बनी हुई हैं। भट्ट के मुताबिक इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को साकार करने के लिए सरकार की योजनाओं, वैज्ञानिक नवाचारों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सतत प्रबंधन पद्धतियों का संतुलित एवं समन्वित दृष्टिकोण अपनाना जरुरी है। शीतजल मत्स्य पालन को सुदृढ़ करना तथा मत्स्य उत्पादों में मूल्य संवर्धन व इको टूरिज्म से जुड़ाव तथा सहकारी शासन व्यवस्था को मजबूत करना ग्रामीण आजीविका, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक समावेशन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दे सकता है।

भट्ट ने कहा कि उचित योजना और दीर्घकालिक सहयोग के साथ मत्स्य पालन पिथौरागढ़ में आर्थिक मजबूती तथा महिला सशक्तिकरण और सतत पर्वतीय विकास का एक प्रमुख आधार बन सकता है, साथ ही यह भारत के अन्य पहाड़ी जिलों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकता है।

## नैनीताल में चटक धूप खिलने के बाद भी ठंड

नैनीताल। नैनीताल में चटक धूप खिलने के बाद भी ठंड महसूस की जा रही है। वहीं तेज हवा ठंड में इजाफा कर रही है।

बता दें कि नैनीताल में चटक धूप खिलने लगी है, लेकिन तेज हवाओं के चलते सुबह शाम कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। बुधवार को भी नैनीताल में सुबह से चटक धूप खिली रही लेकिन सुबह शाम कड़ाके की ठंड भी महसूस की गई। ल साथ ही शाम को ठंड महसूस की गई है।

# बनभूलपुरा में बाइक चोरी, पीड़ित थाने के चक्कर काटने को मजबूर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कोतवाली बनभूलपुरा क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती, वार्ड नंबर 25 से एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने पुलिस पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, चोरी की सूचना देने के बावजूद अब तक उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित मो. इमरान पुत्र श्री अब्दुल सलाम, निवासी नई बस्ती, वार्ड नं. 25, हल्द्वानी ने बताया कि उनकी ब्लैक कलर की सुपर स्प्लेंडर बाइक 20 जनवरी की रात उनके घर के बाहर खड़ी थी। सुबह उठने पर बाइक वहां से गायब मिली। बाइक में सभी जरूरी कागजात भी रखे हुए थे।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद 21 जनवरी को वह कोतवाली बनभूलपुरा पहुंचे और पुलिस को वाहन चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित मो. इमरान का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते अपराधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा।

# जीआईसी में तैनात एलटी गुरुजनों के प्रोन्नत वेतनमान के पुनर्निर्धारण करने के आदेश पर ब्रेक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राजकीय इंटर कॉलेजों में कार्यरत सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) के प्रोन्नत वेतनमान के पुनर्निर्धारण करने के 18 दिसंबर 2025 (बीरवार) के आदेश पर फि लहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 27 अप्रैल (सोमवार) की तिथि नियत करते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें बुधवार को न्यायमूर्ति आलोक महरा की अवकाशकालीन खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याची सेवक सिंह/गोपाल दत्त पन्त/प्रमोद कुमार/धरम राम आर्य/प्यारे लाल साह और अन्य प्रवक्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर सरकारी सेवक वेतन नियमावली प्रथम संसोधन-2025 एवं वित्त सचिव की ओर से प्रोन्नत वेतनमान का पुनर्निर्धारण करने के संबंध में 18 दिसंबर 2025 को जारी आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) को 2026 की सरकारी सेवक वेतन नियमावली-2016 के अनुसार प्रोन्नत वेतनमान देते समय एक इंक्रीमेंट देय है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से उस नियमावली में संशोधन कर सरकारी सेवक वेतन नियमावली प्रथम संशोधन 2025 का प्राखयापन करते हुए इसे 1 जनवरी 2016 से लागू कर दिया । जिसके अनुसार अब चयन/प्रोन्नत वेतनमान के समय प्रदत्त एक इंक्रीमेंट को समाप्त कर दिया गया है। वित्त सचिव आदेश देते हुए प्रोन्नत वेतनमान का पुनर्निर्धारण/ संशोधित नियमावली 2025 के अनुसार करने के लिए आदेश दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से उनके अधिवक्ता ललित सामंत ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार की ओर से किए गए संशोधन केवल शैक्षिक संवर्ग के कर्मचारियों पर लागू किया गया है। राज्य सरकार 2016 की वेतन नियमावली के अनुसार प्रोन्नत वेतनमान में देय एक इंक्रीमेंट को बैक डेट से समाप्त नहीं कर सकती।

## घर के अंदर खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रुद्रपुर । कोतवाली ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के राजा कॉलोनी में चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए घर के भीतर खड़ी नई मोटरसाइकिल पार कर दी। पीड़ित ने काफी खोजबीन के बाद अब पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से ग्राम सिठौरा, बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी देवदत्त पुत्र गेंदन लाल वर्तमान में राजा कॉलोनी वार्ड संख्या 10 में रहते हैं। पुलिस को दी तहरीर में देवदत्त ने बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक घर के भीतर लॉक लगाकर खड़ी की थी। उस समय मकान के मुख्य दरवाजे पर ताला नहीं लगा था। अगली सुबह जब वह करीब 6:30 बजे उठे, तो देखा कि बाईक अपने स्थान से गायब थी।